दिन–बुधवार दिनांक– 25/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. पटना, बेगूसराय, मुंगेर और भागलपुर समेत राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति अभी भी गम्भीर। कटाव से प्रभावित इलाकों में लोगों की परेशानी बढ़ी।

02. सीतामढ़ी के बंद पड़े रीगा चीनी मिल को शीघ्र चालू किया जायेगा। राज्य सरकार ने कहा– मिल संचालन की जिम्मेवारी एक निजी कम्पनी को सौंपी गयी।

03. राज्य के सात हजार पैक्सों का चुनाव नवम्बर महीने में कराये जायेंगे। मतदाता सूची का प्रकाशन हुआ शुरू।

04. और, राज्य के अधिकतर भागों में मॉनसून की सक्रियता बढ़ी। मौसम विभाग ने कहा– अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश में कई स्थानों पर भारी वर्षा की आशंका।

---

पटना, बेगूसराय, मुंगेर और भागलपुर समेत राज्य के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अभी भी हालात गम्भीर बने हुये हैं। इन इलाकों में लगभग चौदह लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। पटना जिले के दियारा क्षेत्रों की एक बड़ी आबादी राहत कैम्पों में शरण लिये हुये है। बेगूसराय, मुंगेर, खगड़िया और भागलपुर के विभिन्न प्रखंडों में भी गंगा नदी में उफान से आयी बाढ़ के कारण जन जीवन अस्त–व्यस्त हैं। प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक रसोई घर और राहत शिविर की व्यवस्था की है, लेकिन बाढ़ पीड़ितों तक समुचित रूप से राहत नहीं पहुंच पा रही है। इधर, कई इलाकों में कटाव का खतरा बढ़ गया है, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इसके कारण कुछ इलाकों में लोगों ने राहत की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इधर, मुंगेर के रतनपुर, बरियारपुर के बीच रेल लाईन पर पानी का दबाव कम होने के बाद रेलवे ने कल से भागलपुर–जमालपुर रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया है। आज इस रेलखंड पर परिचालन पूरी तरह सामान्य हो गया है। इधर, कटिहार जिले के चार प्रखंडों की चौबीस पंचायत बाढ़ से प्रभावित है। प्रभावित इळाकों में राहत के कार्य जारी हैं। एक रिपोर्ट––

–––बाईट–––

जिले के विभिन्न् प्रखंडों में 40 हजार से अधिक की आबादी बाढ़ की त्रासदी का सामना कर रही है। जिला आपदा के अपरसमाहर्ता एन नुरुल ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में करीब 53 समुदायिक किचन चलाये जा रहे हैं। 15 और सामुदायिक कीचन शुरू किया जायेगा । इधर जिले के अमदाबाद, बरारी और कुर्सेला प्रखंड के 57 सरकारी स्कूलों तथा करीब 100 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। जिससे पठन पाठन बाधित है। सभी 57 विद्यालयों में मूल्यांकन परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है।

आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून की सक्रियता बढ़ने से मध्यम से भारी वर्षा हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान मुंगेर के संग्रामपुर में एक सौ बाईस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, अररिया के नरपतगंज में पचहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। इधर, राजधानी पटना समेत आस–पास के क्षेत्रों में सुबह से ही हल्की बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया किशनगंज, भागलपुर और कटिहार समेत विभिन्न भागों में कई स्थानों पर बहुत भारी बारिश की आशंका है।

–––बाईट–––

---

सीतामढ़ी के बंद पड़े रीगा चीनी मिल में उत्पादन का कार्य शीघ्र शुरू होगा। इसके संचालन की जिम्मेदारी मेसर्स निरानी सुगर कम्पनी को दी गयी है। ईख आयुक्त अनिल कुमार झा ने यह जानकारी देते हुये बताया कि मिल के पन्द्रह हजार कर्मचारियों में से दस हजार कर्मियों का बकाया वेतन भुगतान कर दिया गया है। शेष पांच हजार कर्मचारियों का बकाया भुगतान भी जल्द ही कर दिया जायेगा।

–––बाईट–––

---

राज्य सरकार गुड़ उत्पादकों को बढावा देगी और इसके लिए सब्सिडी तथा आर्थिक मदद भी दी जायेगी। गन्ना उद्योग मंत्री कृष्ण नंदन पासवान ने आज कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान गुड़ उद्योग को बढावा देने के लिए एक हजार दो सौ चालीस करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी है।

–––बाईट–––

---

भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगी जदयू और अन्य दलों के साथ मिलकर आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ेगी। भाजपा के झारखंड सह–चुनाव प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे का फॉर्मूला अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि अक्तूबर के पहले सप्ताह में इसकी घोषणा कर दी जायेगी।

–––बाईट–––

हम लोग चुनाव के लिए तैयारी लगभग कंपलीट कर चुका हूं। आजसू से भी हमारा बात लगभग हो चुका है। जनता दल –यू भी हमारा साथ में रहेगा। मेरा मानना है कि हम लोग फर्स्ट वीक में ही पूरा कम्पलीट तैयार हो जाएगा और जनता ने भी मन बना लिया है कि इस बार हमें परिवर्तन करना है।

---

राज्यभर के सात हजार पैक्सों के चुनाव आगामी नवम्बर महीने में कराये जायेंगे। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के परामर्शी कुमार शांतरक्षित ने बताया कि इसके लिए मतदाता सूची का प्रकाशन शुरू हो गया है। श्री शांतरक्षित ने कहा कि सभी जिले के सहकारिता पदाधिकारियों को तैयारी में जुट जाने को कहा गया है।

–––बाईट–––

---

राज्य सरकार ने विशेष भूमि सर्वेक्षण के लिए जमीन के दस्तावेज और स्वघोषणा पत्र जमा करने की समय सीमा तीन महीने के लिए बढ़ा दी है। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने बताया कि रैयतों को जमीन के कागजात एकत्र करने में आ रही समस्या को देखते हुए यह फैसला किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। डॉक्टर जायसवाल ने बताया कि विभाग ने जमीन सर्वे से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने और शिकायत दर्ज कराने के लिए हेल्पलाईन नम्बर जारी किया है। यह नम्बर है– एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच छह दो एक पांच।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने आगाह किया है कि न्यायाधीशों को ऐसी टिप्पणियों से बचना चाहिए जो मिथ्यापूर्ण और किसी भी समुदाय के लिए पूर्वाग्रह से ग्रस्त हो। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई के दौरान की गई विवादास्पद टिप्पणियों का स्वतः संज्ञान लिया। इस मामले में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने किसी समुदाय या जाति विशेष के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर असहमति व्यक्त की। न्यायालय ने ऐसे मामलों में न्यायाधीशों को संयम बरतने के लिए कहा है।

---

केन्द्र सरकार की प्रमुख पहल मेक इन इंडिया के आज दस साल पूरे हो गए हैं। इस अवधि के दौरान सरकार ने कई प्रमुख योजनाएं लागू की हैं। इन कार्यों से भारत के विनिर्माण परिदृश्य में क्रांति आई है और हमारी आर्थिक व्यवस्था मजबूत हुई है। एक रिपोर्ट––

–––बाईट–––

मेक इन इंडिया पहल ने भारत के मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को एक नई ताकत दी है। अंतरिक्ष से लेकर सेमीकंडक्टर तक और इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक, मेक इन इंडिया की कामयाबी दिखाई दे रही है। इस पहल का ही नतीजा है कि भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता देश बन गया है, इससे मोबाइल फोन के आयात में लगभग 85 प्रतिशत की गिरावट आई है। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं में अलग–अलग सेक्टरों में 1 लाख 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश को मुमकिन बनाया है। पिछले एक दशक में, भारत ने हर घंटे एक स्टार्टअप शुरू किया है जिससे लगभग 15 लाख नौकरियां पैदा हुई हैं। वहीं, आधुनिक सुविधाओं से लैस भारत की पहली स्वदेशी सेमी–हाई–स्पीड ट्रेन वंदे भारत यात्रियों को बेहतरीन अनुभव दे रही है। वहीं, यूपीआई की सफलता ने भारत को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में अग्रणी देश बना दिया है। पल्लवी परमार के साथ भूपेन्द्र सिंह, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया पहल के दस वर्ष पूरे होने का स्वागत किया है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मेक इन इंडिया भारत को विनिर्माण और नवाचार शक्ति केंद्र बनाने के एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों के सामूहिक संकल्प का उदाहरण है।

---

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि वक्फ (संशोधन) विधेयक की समीक्षा के लिए गठित संसद की संयुक्त समिति आगामी शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह में अपनी रिपोर्ट पेश कर सकती है। उन्होंने बताया कि समिति को अब तक एक करोड़ से अधिक सुझाव प्राप्त हुएं हैं।

---

वस्तु और सेवाकर, जीएसटी परिषद की दो दिवसीय बैठक आज गोवा में सम्पन्न हो गयी। उपमुख्यमंत्री सह वाणिज्य कर मंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी स्लैब में परिवर्तन और दरों को तार्किक बनाने समेत कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार–विमर्श किया गया है। जानकारी के अनुसार बैठक में टैक्स श्रेणी को चार से घटाकर तीन करने के प्रस्ताव पर गम्भीरता से विचार किया गया।

---

महान राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी जयंती पर आज राष्ट्र नमन कर रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट में कहा है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय अवधारणा, विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

–––बाईट–––

दीनदयाल जी के विचारों की सबसे बड़ी खूबी यही रही उन्होंने अपने जीवन में विश्व की बड़ी–बड़ी उथल–पुथल को देखा। वे विचारधाराओं के संघर्षों के साक्षी बनें। इसलिए उन्होंने एकात्म मानव दर्शन और अन्तोदय का एक विचार देश के सामने रखा। वो कहते भी थे हमारी आजादी तभी सार्थक हो सकती है जब वो हमारी संस्कृ

ति और पहचान की अभिव्यक्ति करे। इसी विचार के आधार पर उन्होंने देश के विकास का विजन निर्मित किया। दीनदयाल उपाध्याय जी कहते थे कि देश की प्रगति का पैमाना अंतिम पायदान पर मौजूद व्यक्ति होता है।

इधर, पटना के राजेन्द्र नगर में आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत अन्य गणमान्य लोगों ने भी प्रेरणापुंज पंडित उपाध्याय को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

---

अररिया की एक स्थानीय अदालत ने गांजा तस्करी के मामले में दोषी दो लोगों को दस–दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक–एक लाख रूपये का अर्थदंड भी लगाया है।

---

अरवल जिले के सदर थाना क्षेत्र और मेहंदिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुये खनन में लगे एक जेसीबी, ट्रैक्टर और एक ट्रक को जब्त कर लिया है।

---

मुंगेर जिले के बाढ़ प्रभावित चंदनबाग और चुआबाग इलाके में आईएमए की ओर से पीड़ितों के बीच राहत सामग्रियों का वितरण किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. पटना, बेगूसराय, मुंगेर और भागलपुर समेत राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति अभी भी गम्भीर। कटाव से प्रभावित इलाकों में लोगों की परेशानी बढ़ी।
02. सीतामढ़ी के बंद पड़े रीगा चीनी मिल को शीघ्र चालू किया जायेगा। राज्य सरकार ने कहा– मिल संचालन की जिम्मेवारी एक निजी कम्पनी को सौंपी गयी।
03. राज्य के सात हजार पैक्सों का चुनाव नवम्बर महीने में कराये जायेंगे। मतदाता सूची का प्रकाशन हुआ शुरू।
04. और, राज्य के अधिकतर भागों में मॉनसून की सक्रियता बढ़ी। मौसम विभाग ने कहा– अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश में कई स्थानों पर भारी वर्षा की आशंका।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।